एक नजर में

## एक्सिस बैंक और गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन की नई पहल

**इंदौर .** एक्सिस बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस साझेदारी के तहत बेंगलुरु में 'एक्सिस बैंक-गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन द परफॉर्मेंस इंस्टीट्यूट (एजीटीपीआई) की स्थापना की जाएगी. यह अपनी तरह की एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य खेल विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर भारत की खेल क्षमताओं को मजबूत करना तथा भारतीय खेलों के दीर्घकालिक विकास को गति देना है. एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड-होलसेल बैंक कवरेज, कॉर्पोरेट सैलरी, सस्टेनेबिलिटी एवं सीएसआर, विजय मुलबागल ने कहा भारतीय खेल आज एक ऐसे दौर में हैं, जहां वैश्विक स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए केवल प्रतिभा और प्रशिक्षण ही पर्याप्त नहीं हैं. इसके लिए देश में खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा की मजबूत व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है. हमारा उद्देश्य एक ऐसा संस्थान तैयार करना है, जो डेटा, अनुसंधान, विश्लेषण और विशेषज्ञता को एक मंच पर लाकर भारत में खेल विज्ञान के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम विकसित करने में अहम भूमिका निभाए.

## प्राइम डे पर अमेज़न पे के साथ करें बचत

**इंदौर .** अमेज़न प्राइम डे 2026 भारत में 4 से 6 जुलाई को आ रहा है. यह आपके लिए एक्सक्लूसिव डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लेकर आएगा. लेकिन एक बेहतरीन डिस्काउंट ढूंढना तो बस आधी कहानी है। बाकी आधी कहानी यह है कि इन डील्स के साथ-साथ आपको कैशबैक, रिवॉर्ड्स और ब्याज-मुक्त भुगतान का भी पूरा फायदा मिल सकता है. फाइनेंस के लचीले विकल्पों से लेकर रोज़ाना के रीचार्ज तक, इस प्राइम डे पर अपनी शॉपिंग को और भी शानदार बना सकते हैं. कोई भी काम शुरू करने से पहले, यह पक्का कर लें कि सेल शुरू होने से पहले आपकी अमेज़न प्राइम मेंबरशिप एक्टिव हो. लाखों प्रोडक्ट्स पर एक्सक्लूसिव डील्स और फ्री डिलीवरी का लाभ उठाने के अलावा, आपकी मेंबरशिप पूरे प्लेटफॉर्म पर ज़्यादा कैशबैक रिवॉर्ड्स कमाने का मौका देती है.

## रॉयल एनफील्ड का हिमालयन बेसकैंप सितंबर में

**इंदौर .** रॉयल एनफील्ड सितंबर में भारत के एडवेंचरप्रेमियों के लिए जबरदस्त एक्शन की पेशकश कर रही है, जिसमें उन्हें हिमालय की ऊँचाई, दूरी और अज्ञात की खोज का दिलचस्प अनुभव मिलेगा. यह पहला हिमालयन बेसकैंप (एचबीसी) – लद्दाख एडिशन है, जो रॉयल एनफील्ड के आध्यात्मिक घर, लद्दाख में 11,480 फीट की ऊँचाई पर राईडर्स, क्लाईंबर्स, ओवरलैंडर्स, कायाकर्स और एक्सप्लोरर्स को एक साथ ला रहा है. एडवेंचर प्रेमियों के लिए तैयार इस आयोजन में प्रतिभागियों को दुनिया के सबसे सुंदर स्थानों में से एक पर गाईडेड एक्सप्लोरेशन, प्रतियोगिताओं, एक्सपर्ट मास्टरक्लास और दिलचस्प सांस्कृतिक अनुभव लेने का मौका मिलेगा. हिमालयन बेसकैंप – लद्दाख एडिशन 4 से 6 सितंबर लेह, लद्दाख में आयोजित होगा.

## पेप्सिको ने उज्जैन में फ्लेवर निर्माण इकाई का किया उद्घाटन

**इंदौर .** पेप्सिको इंडिया ने उज्जैन में अपनी अत्याधुनिक फ्लेवर निर्माण इकाई का उद्घाटन किया. इसके साथ ही कंपनी ने देश में अपनी 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' (प्रगति की साझेदारी) पहल को और मजबूत किया है. मुख्य अतिथि के रूप में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेप्सिको के सीईओ – इंटरनेशनल बेवरेजेज यूजीन विलेम्सेन, पेप्सिको इंडिया एवं दक्षिण एशिया के सीईओ जागृत कोटेचा तथा पेप्सिको ग्लोबल कंसन्ट्रेट सॉल्यूशंस के जीएम एवं एसवीपी इवन नॉर्टन के साथ इस इकाई कावर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया. उज्जैन संयंत्र भारत में वर्ष 2030 तक पेप्सिको की 5,700 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धता का हिस्सा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा यह निवेश मध्य प्रदेश में वैश्विक अग्रणी कंपनियों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है. यूजीन विलेम्सन ने कहा भारत वैश्विक स्तर पर पेप्सिको के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक विकास बाजार बना हुआ है.

## बंधन लार्ज कैप फंड : दो सफल दशक पूरे

**इंदौर .** बंधन लार्ज कैप फंड के 20 साल पूरे होने पर, यह स्थिरता और क्वालिटी पर आधारित अनुशासित और लंबे समय में वेल्थ बनाने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित हुआ है. दो दशकों में, फंड ने कई मार्केट साइकल देखे हैं – जिनमें तेज़ी, गिरावट और स्ट्रक्चरल बदलाव शामिल हैं – और एक साफ़ फिलॉसफी पर कायम रहा है : ऐसे मज़बूत लार्ज कैप बिज़नेस में निवेश करना जो निवेश को सुरक्षित रखते हुए समय के साथ लगातार कंपाउंडिंग करने में सक्षम हों. लार्ज कैप अच्छी तरह से बनाए गए पोर्टफोलियो की रीढ़ होते हैं. अपने बड़े आकार, प्राइसिंग पावर, गवर्नेंस स्टैंडर्ड और लगातार कैश फ्लो बनाने की क्षमता के कारण, वे आर्थिक उतार-चढ़ाव के दौरान भी मज़बूत बने रहते हैं. कम समय की तेज़ी पर निर्भर रहने के बजाय, वे काफ़ी हद तक अनुमानित कमाई में बढ़ोतरी देते हैं, जिससे वे उन निवेशकों के लिए ज़रूरी हो जाते हैं जो कैपिटल में बढ़ोतरी और पोर्टफोलियो में स्थिरता, दोनों चाहते हैं. पिछले 20 सालों में, बंधन लार्ज कैप फंड ने अनुशासन, क्वालिटी पर ध्यान और लंबे समय के नज़रिए की अहमियत दिखाई है.

## नेटफ्लिक्स पर लॉक अप : सच या सज़ा

**इंदौर .** लॉक अप में इनमेट्स का सफर आसान होने वाला नहीं था, है ना? आपकी तरह, उन्हें भी लग रहा था कि वे वहाँ सेटल हो रहे हैं। लेकिन वो सीज़न के पहले टर्मिनेशन के भी करीब पहुँच रहे हैं. इसके लिए सभी को अपना दिल मजबूत कर लेना चाहिए क्योंकि यह आसान नहीं होने वाला है। इस वीकेंड कंगना रनौत लॉक अप में 'जनता की आवाज़' के रूप में प्रवेश कर रही हैं. अब आप पूछेंगे कि जनता की आवाज़ क्या है? तो हम आपको बता दें कि इससे इनमेट्स अपनी गलतियों को सुधारने के लिए दर्शकों के और ज्यादा करीब आएंगे. क्या कंगना अच्छी खबर लेकर आएंगी या बुरी? क्या इनमेट्स के टर्मिनेशन में उनकी कोई भूमिका होगी? कंगना रनौत ने कहा, ''यह शो आपकी सच्चाई को स्वीकार करने के बारे में है, फिर चाहे वह सच्चाई कितनी भी असहज क्यों न हो. मैं इस वीकेंड ज्यूरी या जनता की आवाज़ के रूप में फराह और रितेश के साथ लॉक अप-सच या सज़ा में आ रही हूँ। मैं केवल यही कहूँगी कि हर चॉईस की एक कीमत होती है.

## अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2026 डील्स की घोषणा की

**इंदौर .** अमेज़न ने आज विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए उपलब्ध सबसे प्रतीक्षित प्राइम डे 2026 डील्स और लॉन्चेस की घोषणा की. 4 जुलाई को रात 1 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलने वाला प्राइम डे, प्राइम मेंबर्स को 72 घंटे के रोमांचक डील्स, नए लॉन्चेस और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन की पेशकश करेगा. 10 साल की इस उपलब्धि के हिस्से के रूप में, अमेज़न नए मेंबर्स को केवल 999 रुपये में सालाना प्राइम मेंबरशिप पर फ्लैट 500 रुपये की छूट दे रहा है, इसके अलावा ग्राहक 299 रुपये/वर्ष में शॉपिंग एडिशन और 599 रुपये /वर्ष में प्राइम लाइट से भी जुड़ सकते हैं. मेंबर्स को एसबीआई डेबिट और क्रेडिट कार्ड, एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10% तक की बचत के साथ 10वीं एनिवर्सरी डील्स का एक्सेस मिलता है और अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अनलिमिटेड 5% कैशबैक मिलता है. इस प्राइम डे में टॉप भारतीय और वैश्विक ब्रांड्सके 500+ नए प्रोडक्ट लॉन्चेस शामिल हैं.

## नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव के विजेता बने लहू उघड़े

**इंदौर .** कई दिनों तक चुनौतीपूर्ण जंगलों में राह खोजने, सीमित संसाधनों और लगातार बदलती परिस्थितियों से लड़ते हुए, लहू उघड़े ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के नेकेड एंड अफ्रेड - आदिमानव में जीत हासिल की है. अपने एवरेस्ट पर्वतारोहण और सालों के प्रकृति के बीच रहने के अनुभव की बदौलत लहू उघाड़े डिस्कवरी के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रोमांचकारी सर्वाइवल फ्रैंचाइज़ी के भारतीय संस्करण को जीत सके. एशिया-पेसिफिक क्षेत्र में पहली बार पहुंचा यह शो आदिमानवों कि जीवनशैली और उनकी सूझबूझ, कर्मठता और जीवित रहने के कौशल से प्रेरित है. नेकेड एंड अफ्रेड - आदिमानव में विभिन्न पृष्ठभूमियों के छह प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिन्हें फिलिपींस के भयावह और चुनौतीपूर्ण पलावन जंगल में उतारा गया था. जीत को लेकर लहू उघड़े ने कहा कि नेकेड एंड अफ्रेड -आदिमानव को जितना मेरे लिए एक बेहद खास मौका है। इस अनुभव ने मेरी ऐसी परीक्षा ली, जो मेरी सोच से परे थी, और मुझे ऐसे पाठ पढ़ाए हैं जो जीवनभर मेरे काम आएंगे.

## अब होगा हिसाब सीज़न 2 का ट्रेलर जारी

**इंदौर .** भारत की प्रमुख फ्री, प्रीमियम और विज्ञापन आधारित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी ओरिजिनल रिवेंज ड्रामा सीरीज़ अब होगा हिसाब के सीज़न 2 का ट्रेलर जारी किया, यह घोषणा इसके पहले सीज़न को मिली शानदार दर्शक प्रतिक्रिया के बाद की गई है. 18 जून को रिलीज़ होने के बाद से ही इस सीरीज़ ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन अभिनय के कारण खास जगह बनाई है. दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अमेज़न एमएक्स प्लेयर इस सीरीज़ का दूसरा सीज़न उम्मीद से पहले लेकर आ रहा है. अरे स्टूडियो द्वारा निर्मित अब होगा हिसाब सीज़न 2 का प्रीमियर 3 जुलाई को होने जा रहा है. अमेज़न एमएक्स प्लेयर के डायरेक्टर और कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा अब होगा हिसाब को मिली प्रतिक्रिया वाकई बेहद भावुक कर देने वाली है. दर्शकों को इस सीरीज़ की दुनिया से इतनी गहराई से जुड़ते देखना, इससे जुड़े सभी लोगों के लिए बेहद संतोषजनक और खास अनुभव रहा है.





# इंदौर में झमाझम, कई जगह पानी भरा, लगा जाम

- एक घंटे में गिरा दो इंच से ज्यादा पानी
- सड़कें डूबी और यातायात जाम

नव भारत न्यूज

**इंदौर. बुधवार शाम बादल शहर पर मेहरबान हुए और झमाझम बरस पड़ेत. करीब एक घंटे में ढाई इंच से ज्यादा पानी गिर गया. इस दौरान शहर की अधिकांश सड़कों पर नगर निगम की पोल खुल गई और जगह-जगह जल जमावहो गया. इस कारण शहर के सभी प्रमुख सड़कों और कॉलोनियों में पानी भरा गया. वहीं सड़कों पर वाहन चालक परेशान होते रहे. मुख्य चौराहों पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी बन गई.**



प्रदेश में अरब सागर से दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ गया है. दक्षिण पश्चिम मानसून पश्चिमी मध्य प्रदेश में पूरी तरह सक्रिय है. यही कारण है कि आज शहर में शाम को जोरदार बारिश हुई. बारिश इतनी तेज थी कि मात्रा एक घंटे में 2 इंच से ज्यादा पानी बरस गया. वैसे एक अनुमान के अनुसार शहर में अब तक 10 इंच पानी गिर गया है. यह बात अलग है कि मौसम विभाग द्वारा शाम की 55 मिलीमीटर बारिश होने की जानकारी दी गई है.

### दो-तीन दिन अच्छी बारिश की संभावना

शहर के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में भी बारिश का आंकड़ा अलग अलग दर्ज होता है. अभी तक हुई बारिश में पूर्वी क्षेत्र में ज्यादा बारिश होने की जानकारी है. आज की बारिश होने के बाद अभी तक औसत बारिश में पीछे चल रहा इंदौर अब सामान्य बारिश के स्तर पर पहुंच गया है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान में अभी प्रदेश में कम दबाव का क्षेत्र बना रहने की संभावना है, जिससे अगले दो तीन दिन तेज या मध्यम बारिश होती रहेगी.

**कई जगह जलजमाव**-शाम को हुई बारिश ने नगर निगम की एक बार फिर पोल खोल दी. निकासी नहीं होने से कई जगह जमाव की स्थिति बनी. कॉलोनी सहित मुख्य मार्गों पर जलजमाव हो गया जिससे लोग परेशान होते रहे.

**फिर बनी जाम की स्थिति**-तेज बारिश और जलजमाव के कारण कई चौराहों पर जाम की स्थिति बनी. विजय नगर, मालवीय नगर, सयाजी, रसोमा के पास स्थित चौराहा, एलआईजी, बीआरटीएस, पलासिया, पाटनीपुरा के अलावा अन्य कई स्थानों पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई. इस दौरान वाहन चालकों को निकलने के खासी मशक्कत करना पड़ी.

## कांग्रेस पार्षद शेख की हाईकोर्ट और खान की सेशन कोर्ट से जमानत खारिज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के बजट सत्र के दौरान वंदे मातरम नहीं गाने के विवाद में दर्ज केस में कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख की अग्रिम जमानत याचिका हाई कोर्ट से भी खारिज हो गई है. वहीं दूसरी ओर रुबीना इकबाल खान की सेशन कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज हो गई है.**

नगर निगम बजट सम्मेलन में राष्ट्र गीत वंदे मातरम नहीं गाने और वंदे मातरम गाने इस्लाम के खिलाफ बताने वाली कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम की हाईकोर्न ने अग्रिम जमानत खारिज कर दी है. उल्लेखनीय है कि इसके पहले सेशन कोर्ट भी फौजिया शेख अलीम की अग्रिम जमानत खारिज कर चुकी है.

सरकार की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता हेमंत शर्मा ने अग्रिम जमानत याचिका निरस्त होने की पुष्टि की है. हाई कोर्ट की वेब साइट पर भी स्टेट्स डिसमिस बता रहा है. डिटेल ऑर्डर अभी अपलोड नहीं हुआ है. वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान को भी सेशन कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली है. उनकी जमानत खारिज कर दी है. शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक लीलाधर पाटीदार ने तर्क रखे, जिससे सहमत होकर सेशन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी.

# इंदौर में मुख्यमंत्री का विकास पर दरबार कल

- जनप्रतिनिधियों से सीधे मुखातिब होंगे सीएम डॉ. मोहन यादव

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** कांग्रेस में दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी के बीच छिड़ी जुबानी जंग का मजा ले रहे बीजेपी नेता अब अपनी ही पार्टी में उठे तूफान के बाद खामोश हो गए हैं. इंदौर की उपेक्षा को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पत्र से राजनीतिक हलकों में तूफान आ गया है. विजयवर्गीय का पत्र के बाद भाजपा सरकार सकते में है.

पत्र से मचे बवाल के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव अब इंदौर में मंत्री विजयवर्गीय के साथ सभी विधायकों के साथ चर्चा करेंगे. यह पहला मौका है, जब मुख्यमंत्री इंदौर के विकास कार्यों पर जनप्रतिनिधियों से सीधे मुखातिब होंगे. कार्यक्रम में विजयवर्गीय विशेष अतिथि होंगे.

### 'उम्मीदों का शहर इंदौर' विषय पर जन संवाद

3 जुलाई को बीबीसी में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर कैलाश विजयवर्गीय को आमंत्रित किया गया है. इसके अलावा इंदौर के सभी विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हो सकते हैं. खास बात यह है कि इस बार पूरे कार्यक्रम की कमान मुख्यमंत्री कर्यालय से सांसद शंकर लालवानी को दी गई है. लालवानी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर सभी नेताओं को निमंत्रण भेजने की चर्चा हैं.

**कैलाश विजयवर्गीय ने लगाया इंदौर की उपेक्षा का आरोप**-कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने हाल ही में राज्य सरकार पर इंदौर की उपेक्षा से व्यथित होकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है. इसमें उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर के विकास कार्यों को लेकर असहयोग और उपेक्षा करने का आरोप लगाया है. पत्र सार्वजनिक चर्चा में आने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से डैमेज कंट्रोल करने के लिए अब आननफानन में 3 जुलाई को इंदौर की तरक्की पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विकास के मामले में जनप्रतिनिधियों से खुली चर्चा करेंगे.

### अब क्यों जागृत हुई आत्मा : सज्जन

राजनीतिक क्षेत्र में कैलाश विजयवर्गीय के घोर विरोधी कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि कैलाश को इस बात की भनक लग गई है कि प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है. विजयवर्गीय सहित कुछ नेताओं को मंत्री पद से हटाया जा सकता है. इसको लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की आत्मा जागृत हुई है और इसी को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को ये पत्र लिखा है. सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि पहले भी विजयवर्गीय ने कहा था कि मैं शोले का हाथ कटा ठाकुर हूं, सरकार में मुझे तवज्जो नहीं दी जा रही है. उसी समय मैंने कैलाश विजयवर्गीय को सलाह दी थी कि मंत्री पद से इस्तीफा देकर विधायक के रूप में लोगों के बीच रहो.

# उत्कृष्ट करदाता और अधिकारियों का हुआ सम्मान

- इंदौर में 9वां जीएसटी दिवस मनाया

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी के सफल क्रियान्वयन के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, इंदौर में बुधवार को 9वां जीएसटी दिवस मनाया गया. समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य आयकर आयुक्त तरुण सीम तथा विशिष्ट अतिथि आयुक्त अपील दिलीप गोयल उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, उद्योग-व्यापार जगत के प्रतिनिधियों और कर व्यवसायियों ने सहभागिता की.

समारोह में जीएसटी राजस्व में उत्कृष्ट योगदान और आदर्श कर अनुपालन के लिए भारत पेट्रोलियम लिमिटेड, एचडीएफसी लिमिटेड और एमआरएफ लिमिटेड को सम्मानित किया गया. वहीं जीएसटी के प्रभावी क्रियान्वयन और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विभाग के 10 अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए. हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा नियति शाक्यवार को भी सम्मानित किया गया. आयुक्त पीयूष भाटी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में जीएसटी ने देश के राजस्व और विकास को नई गति दी है. उन्होंने करदाता सुविधा, विभाग-करदाता संवाद और तकनीक के अनुरूप अधिकारियों के कौशल विकास पर जोर देते हुए करदाताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह नियमित बैठकें आयोजित करने की घोषणा की.



### अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान की

विशिष्ट अतिथि दिलीप गोयल ने स्वैच्छिक कर अनुपालन, पारदर्शिता और विभाग-करदाता संवाद को जीएसटी की सफलता का आधार बताया. वहीं मुख्य अतिथि तरुण सीम ने कहा कि जीएसटी ने एकीकृत राष्ट्रीय बाजार के निर्माण, कर अनुपालन में वृद्धि और व्यापार सुगमता को बढ़ावा देकर भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान की है.

## वंदे भारत एक्सप्रेस में मिलेगी सांची की बायोमैजिक दही

**इन्दौर. सहकारी ब्रांड सांची के दुग्ध उत्पाद अब वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी उपलब्ध होंगे. इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ ने इन्दौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सांची की बायोमैजिक दही की आपूर्ति प्रारंभ कर दी है। यह उत्पाद वृंदावन फूड प्रोडक्ट के माध्यम से ट्रेन में यात्रियों को परोसा जाएगा.**



संघ के अनुसार यह पहल केवल एक ट्रेन तक सीमित नहीं रहेगी. राजधानी एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख यात्री ट्रेनों में भी सांची उत्पादों की आपूर्ति हेतु रेल प्रशासन के साथ बातचीत जारी है. इस अवसर पर इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि विपणन क्षेत्र में संघ के निरंतर प्रयासों का परिणाम है. यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सहकारी उत्पाद उपलब्ध कराना संघ की प्राथमिकता है और आने वाले समय में अन्य ट्रेनों में भी सांची उत्पादों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी.

सांची मध्य प्रदेश के दुग्ध उत्पादक किसानों से सीधे दूध खरीदकर उत्पाद तैयार करता है और प्रदेश के नगरीय तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में वितरण करता है. वर्तमान में प्रदेश के सभी सहकारी दुग्ध संघों का प्रबंधन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के हाथों में है।

एक नजर में | निर्माण कार्यों की समीक्षा, गुणवत्ता व संरक्षा के साथ समयबद्ध कार्य पूरे करने के निर्देश

# इंदौर स्टेशन समेत पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज रेलखंड का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण





ंदौर । पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने मंगलवार को रतलाम मंडल के प्रवास के दौरान इंदौर रेलवे स्टेशन, इंदौर-पातालपानी रेलखंड और पातालपानी-कालाकुंड मीटर गेज हेरिटेज रेलखंड का निरीक्षण किया. उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता और पूर्ण संरक्षा के साथ पूरी करने के निर्देश दिए.

महाप्रबंधक ने इंदौर स्थित निर्माण कार्यालय में समीक्षा बैठक लेकर रेलवे परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया. बैठक में मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार, मुख्य अभियंता (निर्माण) धीरज कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. इसके बाद उन्होंने इंदौर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज और अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया. इंदौर-पातालपानी खंड के विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान डॉ. अंबेडकर नगर एवं पातालपानी स्टेशन पर नव-निर्मित भवनों और चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया. मीडिया से चर्चा में उन्होंने टीही टनल सहित क्षेत्र की प्रमुख रेलवे परियोजनाओं की जानकारी भी साझा की. दौरे के अंतिम चरण में महाप्रबंधक ने पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज रेलखंड का ट्रॉली से निरीक्षण किया तथा कालाकुंड स्थित हेरिटेज संग्रहालय का अवलोकन किया. उन्होंने ट्रैक संरचनाओं और परिचालन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने गुणवत्ता बनाए रखने और सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए.

### सीहोर स्टेशन पर 2 जुलाई से रुकेगी इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस

**यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत, सांसद आलोक शर्मा करेंगे प्रायोगिक ठहराव का शुभारंभ**

इंदौर. यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए रेलवे ने सीहोर स्टेशन पर इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के प्रायोगिक ठहराव को मंजूरी दे दी है. यह व्यवस्था 2 जुलाई से लागू होगी. ठहराव की शुरुआत 2 जुलाई को सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर की जाएगी. नई व्यवस्था के अनुसार गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रात 10.26 बजे सीहोर पहुंचेगी और 10.28 बजे रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस सुबह 6:08 बजे सीहोर पहुंचेगी तथा 6:10 बजे प्रस्थान करेगी. रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस ठहराव से सीहोर और आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को इंदौर, भोपाल और जबलपुर की यात्रा में सुविधा मिलेगी। यात्रियों को ट्रेनों के समय और अन्य अद्यतन जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट और रेलवन ऐप पर मिलेगी.